दिनांक : 25.10.2024 समय : 02.10 pm

प्रधानमंत्री जर्मनी एशिया प्रशांत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और आधारभूत सुविधाएं भारत की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख उपकरण है। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, मांग और डेटा के चार मजबूत सतम्भों पर खडा है। प्रधानमंत्री नई दिल्ली में एशिया प्रशांत जर्मन व्यापार के 18वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत और जर्मनी के संबंध हर स्तर पर मजबूत हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि जर्मनी ने भारत के कुशल पेशेवरों को वीजा देने का वार्षिक वीजा कोटा 20 हजार से बढाकर 90 हजार कर दिया है।

शिक्षक सम्मान समारोह

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित "राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 54 लाख विद्यार्थियों को गणवेश के लिए 324 करोड़ रुपयो की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे देश में गुरु-शिष्य परंपरा ने हर काल और हर युग में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की और जब-जब भी चुनौतियाँ हमारे सामने आती हैं, तब-तब उनका सबसे सशक्त समाधान शिक्षा में ही छुपा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु ही हैं, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं।

मुख्यमंत्री आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर रिंग रोड- के अंतिम चरण से 4 - लेन एक्सेस कंट्रोल हाईवे के विकास के लिए को मंजूरी देने पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 607.36 करोड़ रुपए की लागत की यह योजना जबलपुर रिंग रोड और रीवा-जबलपुर-रायपुर कॉरिडोर का एक हिस्सा है। इस मार्ग के चौड़ीकरण से जबलपुर शहर में भीड-भाड़ कम होगी। क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर निर्माण होंगे।

समर्थन मूल्य

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर सोयाचीन की खरीदी आज से 1400 केन्द्रों पर प्रारंभ हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी सोयाबीन उपार्जन की कार्यवाही संवेदनशीलता से करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा के अतिरिक्त सोयाबीन का उपार्जन प्रदेश सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 25 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की कार्रवाई की गई, जिसमें 3 लाख 44 हजार किसानों ने पंजीयन करवाया है। उन्होंने कहा कि

आवश्यकतानुसार खरीदी केन्द्रों की संख्या में परिवर्तन भी किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी गई सोयाबीन का भुगतान किसानों को ऑनलाइन किया जाएगा। प्रदेश में 7 जिले दतिया, भिंड, कटनी, मंडला, बालाघाट, सीधी एवं सिंगरौली को छोड़कर शेष सभी जगह सोयाबीन का उपार्जन होगा। इन जिलों से प्रस्ताव आने पर सोयाबीन उपार्जन पर विचार किया जाएगा। सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। न्यूनतम समर्थन मूल्य 4892 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

क्रिकेट भारत-न्यूजीलैंड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पुणे में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के पहली पारी में 259 रन के जवाब में भारत की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई। भारत ने आज एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलना शुरू किया था। न्यूजीलैण्ड के ऑलराउंडर मिशेल सेन्टनर ने सबसे अधिक सात विकेट लिये। खबर लिखे जाने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में ....विकेट के नुकसान पर .....रन बना लिए है।

आईएमडी चक्रवात

मौसम विभाग के अनुसार भीषण चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से ओडिशा के विभिन्न हिस्सों और पश्चिम बंगाल के आसपास के स्थानों पर आज मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। भीषण चक्रवात दाना ओडिशा के तटवर्ती जिलों केन्द्रपाडा, भद्रक और बालेश्वर के कई हिस्सों में पहुंच चुका है। इसके असर से तेज आंधी और बारिश हो रही है।

समाचार संक्षेप

- पन्ना जिला चिकित्सालय में कल विश्व पोलियो दिवस मनाया गया इस मौके पर चिकित्सालय में जन्मे नवजात शिशुओं को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई और बर्थ डोज के साथ रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिया गया।
- शिवपुरी में स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल आईटीबीपी दूरसंचार वाहिनी और संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने कल अपना 63 वॉ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया।
- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की पॉंचवी नर्मदापुरम जोन स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धाएं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला के ऑडिटोरियम में संपन्न हुई।

....